100 Years 1920-2020 University of Lucknow | Centenary Year लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 16 September 2021

## HINDUSTAN PAGE 6

# एलयू परिसर और छात्रावास सीसीटीवी की निगरानी में

**सुरक्षा व्यवस्था**

**लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर सहित शिक्षक आवास और छात्रावासों के सभी रास्तों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। साथ ही अराजक तत्वों से निपटने के लिए जिला प्रशासन विश्वविद्यालय को पर्याप्त पुलिस बल भी मुहैया कराएगा। ये निर्णय बुधवार को जिला प्रशासन और लखनऊ विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक में लिए गए। यह भी तय हुआ कि पूरे परिसर में रात में विवि के गार्ड के अतिरिक्त पुलिस भी गश्त लगाएगी।

प्रॉक्टर कार्यालय में बुधवार को हुई बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन एडीएम प्रशासन के नामिनी एसीएम-4 सूर्यकांत त्रिपाठी ने की। बैठक में परिसर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और विद्यार्थियों में अनुशासन बनाए रखने के बारे में गहन मंथन हुआ।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार और समिति में शामिल लविवि के शिक्षक सदस्यों ने छात्रावासों के औचक निरीक्षण व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल न होने की समस्या रखी। साथ ही फैजाबाद रोड स्थित शिक्षक आवास सहित छात्रावासों और परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए निगरानी की बात कही। इस पर जिला प्रशासन ने सुझाव दिया कि पर्याप्त पुलिस बल के लिए पुलिस कमिश्नर को अवगत कराएं और रास्तों की निगरानी के लिए सीसीटीवी लगवाए जाएं। प्राक्टर ने छात्रावास सहित अन्य जगहों पर रात में विवि के गार्ड के अलावा पुलिस गश्त की बात कही तो जिला प्रशासन इस पर राजी हो गया।

### तीन और चार नम्बर गेट पर लगेंगे सीसीटीवी



चीफ प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि अभी एलयू के गेट नं. 3 और 4 के पार्किंग वाले हिस्से की निगरानी छूट रही है। इसके लिए दोनों जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

### खुल सकता है भाऊराव देवरस द्वार का कट

हनुमान सेतु मंदिर और लविवि के एक नंबर गेट (भाऊराव देवरस) के बीच डिवाइडर बंद होने से प्रशासनिक भवन आने वाले लोगों को या तो परिवर्तन चौक से घूमकर या फिर दो नंबर गेट से आना पड़ता है। इससे दो नंबर गेट के सामने अक्सर जाम की स्थिति होती है। इस समस्या के समाधान के लिए विवि ने जिला प्रशासन को सुझाव दिया है कि एक नम्बर गेट के सामने कट खोलकर वहां ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक लाइट लगा दी जाएं। अभी इस पर सहमति होना बाकी है।

# बीएड ऑनलाइन काउंसलिंग कल से

**लखनऊ | कसं**

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 17 सितम्बर से शुरू हो रही है। प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि महाविद्यालयों और विवि के अन्तर्गत बीएड में प्रवेश के लिए सीटों की कुल संख्या 2,35,310 है। इनमें 7,830 सीटें विवि, राजकीय, सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं जबकि 2,27,480 स्ववित्तपोषित की हैं। राज्य समन्वयक ने बताया कि प्रत्येक महाविद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों हेतु 10 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें होंगी। ईडब्ल्यूएस की सुविधा सरकारी, अनुदानित, गैर अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में होगी किन्तु अल्पसंख्यक संस्थानों में नहीं होगी।

# अंक सुधार की परीक्षा वालों को दूसरा मौका

**लखनऊ | वसं**

लखनऊ विश्वविद्यालय में हुई स्नातक प्रवेश परीक्षाओं का नतीजा एक-दो दिन में आ जाएगा और सितम्बर के अंतिम सप्ताह तक काउंसलिंग भी शुरू हो जाएगी। ऐसे में वे अभ्यर्थी असमंजस में थे जिन्होंने यहां स्नातक की प्रवेश परीक्षा दी है और अब वे 18 सितंबर से अंक सुधार परीक्षा देने जा रहे हैं।

एलयू में इनके दाखिले में तो कोई दिक्कत नहीं आएगी लेकिन काउंसलिंग के समय जब सभी मार्कशीट देखी जाती हैं, तब इन के पास इंटर की अपडेट मार्कशीट नहीं होगी। इसका रास्ता विवि ने इस यह निकाला है कि प्रवेश परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के समय वर्तमान मार्कशीट देखकर ही दाखिला दे दिया जाएगा और जब इनकी नई मार्कशीट आएगी तो उसे भी स्वीकार किया जाएगा।

## i-NEXT PAGE IV

# बीएड की काउंसिलिंग कल से

### मेन, पूल और डायरेक्ट एडमिशन की होगी प्रक्रिया

**LUCKNOW (15 Sept):** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-2023 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग 17 सितंबर से शुरू होगी. ऑनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी. इसमें मेन काउंसिलिंग, पूल काउंसिलिंग और सीधे प्रवेश की प्रक्रिया होगी. राज्य समन्ववयक प्रो. अमित वाजपेयी ने बताया कि प्रत्येक महाविद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें उपलब्ध होंगी. ईडब्ल्यूएस की सुविधा सरकारी, अनुदानित, गैर अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में होगी, लेकिन अल्पसंख्यक संस्थानों में यह सुविधा नहीं मिलेगी. उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग प्रक्रिया के लिए पूरा विवरण लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है.

### 2,35,310 सीटों पर लिए जाएंगे एडमिशन

बीएड काउंसिलिंग में प्रदेश के 16 राज्य विश्वविद्यालयों के अंतर्गत 2,479 राजकीय, सहायता प्राप्त महाविद्यालय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शामिल होंगे. इन विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बीएड में प्रवेश के लिए सीटों की कुल संख्या 2,35,310 है, जिनमें से 7,8 30 सीटें विश्वविद्यालय, राजकीय एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं. जबकि 2,27,480 सीटें स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की हैं.

## JAGRAN CITY PAGE I

# पार्ट टाइम पीएचडी के परिणाम तैयार, जल्द होंगे जारी

**जासं, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के विभागों ने विभागीय शोध समिति (डीआरसी) के माध्यम से पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर ली है। विभागों ने शोध लेखन, इंटरव्यू आदि के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर इसकी सूची डीन एडमिशन को भेजी। वहां से सूची फाइनल अनुमोदन के लिए कुलपति के कार्यालय भेज दी गई। कुलपति की मंजूरी मिलने के बाद परिणाम जारी किया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली बार पार्टटाइम पीएचडी में प्रवेश हो रहे हैं। 25 विषयों में 92 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया विभागों में डीआरसी के माध्यम से एक से पांच सितंबर तक संचालित हुई। इसमें एक हजार शब्दों के शोध लेख, इंटरव्यू, शैक्षिक योग्यता आदि को शामिल करते हुए दाखिले के लिए सूची तैयार कर ली गई है।

### दो विषयों में आवेदन नहीं

डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि पार्टटाइम पीएचडी दाखिले के लिए दो विषयों में कोई आवेदन नहीं आए। इनमें बायो केमेस्ट्री और फ्रेंच विषय शामिल हैं। साइकोलाजी में कोई भी अभ्यर्थी योग्य नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि पार्टटाइम पीएचडी कराने के लिए सिर्फ प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर ही पात्र हैं। संस्कृत विभाग में प्रो. ब्रजेश शुक्ल के निधन के बाद से कोई प्रोफेसर नहीं है। इसलिए इस विषय में पार्टटाइम पीएचडी के लिए प्रवेश नहीं होगा।

## TOI PAGE 3

# LU may declare UG entrance results today

**Lucknow:** Lucknow University is likely to declare results of its undergraduate entrance tests on Thursday or Friday. The results will be uploaded on the varsity's official website. Thereafter, LU is likely to conduct online counselling for admission to various courses in the online mode from the next week.

"We may declare UG results by Thursday or Friday. The counselling will be held completely in the online mode after the declaration of the results," said LU admission coordinator Pankaj Mathur. He said LU conducted the UG entrance test from August 24 to 31 and is now ready with the results. "The counselling will also be paced up so that the session delayed due to the Covid-19 can be brought back to the track," he added. TNN

## PIONEER PAGE 3

# बीएड की काउंसिलिंग कल से

लखनऊ। प्रदेश भर में बीएड कक्षाओं में दाखिले को लेकर ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू होगी। आनलाइन काउन्सिलिंग प्रक्रिया तीन चक्रों मेन काउन्सिलिंग, पूल काउन्सिलिंग एवं सीधे प्रवेश में सम्पन्न होंगी। इस प्रक्रिया में प्रदेश के 16 राज्य विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत 2479 राजकीय-सहायता प्राप्त महाविद्यालय-स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शामिल होंगे। राज्य समन्वयक बीएड प्रवेश परीक्षा प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि शुक्रवार से बीएड के अंतर्गत 2,35,310 सीटों पर होने वाली काउंसिलिंग प्रक्रिया में 7,830 सीटें विश्वविद्यालय, राजकीय-सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं। जबकि 2,27,480 सीटें स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक महाविद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 10 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें उपलब्ध होंगी। ईडब्ल्यूएस की सुविधा सरकारी, अनुदानित, गैर अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में होगी किन्तु अल्पसंख्यक संस्थानों में यह सुविधा नही होगी। काउन्सिलिंग प्रक्रिया हेतु विश्वविद्यालय-महाविद्यालयों का सम्पूर्ण विवरण एवं प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## VISHWAVARTA PAGE 3

# अंकसुधार परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को मिलेगा दूसरा मौका

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में हुई स्नातक प्रवेश परीक्षाओं का नतीजा एक-दो दिन में आ जाएगा और सितम्बर के अंतिम सप्ताह तक काउंसलिंग भी शुरू हो जाएगी। ऐसे में वे अभ्यर्थी असमंजस में थे जिन्होंने यहां स्नातक की प्रवेश परीक्षा दी है और अब 18 तारीख से यूपी बोर्ड की अंक सुधार परीक्षा देने जा रहे हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में इनके दाखिले में तो कोई दिक्कत नहीं आएगी लेकिन काउंसलिंग के समय जब सभी मार्कशीट देखी जाती हैं, तब इन अभ्यर्थियों के पास इंटर की अपडेट मार्कशीट नहीं होगी। इसका रास्ता लखनऊ विश्वविद्यालय ने इस तरह से निकाला है कि प्रवेश परीक्षा देने वाले इन अभ्यर्थियों को फिलहाल काउंसलिंग के समय वर्तमान मार्कशीट देखकर ही दाखिला दे दिया जाएगा और जब इनकी नई मार्कशीट आएगी तो उसे भी स्वीकार किया जाएगा। ऐसे में उन बच्चों को परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है जो बोर्ड की अंकसुधार परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।



### यह कॉलेज भी दोबारा दे सकते हैं मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय में तो प्रवेश परीक्षा हुई है इसलिए यहां कोई विशेष दिक्कत नहीं आएगी लेकिन अन्य विश्वविद्यालयों व उन कॉलेजों के लिए यह सवाल ज्यादा बड़ा है, जहां दाखिले मेरिट से हुए हैं। अभी चूंकि ज्यादातर कॉलेजों में बड़ी संख्या में सीटें खाली रह जा रही हैं, इसलिए कयास यही लगाए जा रहे हैं कि अंकसुधार परीक्षा के नतीजे आने के बाद कॉलेज भी आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों की फिर से मेरिट जारी करके अभ्यर्थियों को एक और मौका दे सकते हैं।